खबर संक्षेप

## मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज प्रथम चरण कार्यक्रम सम्पन्न

**मण्डला।** राज्य शासन के निर्देशानुसार पश्चिम सामान्य वनमण्डल एवं स्कूल शिक्षा विभाग के परिप्रेक्ष्य में राज्य जैव विविधता क्विज प्रथम चरण जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय रानी अवंती बाई कन्या उमावि मण्डला में सम्पन्न किया गया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा अपनी सहभागिता दर्ज कराई गई। क्विज प्रतियोगिता के आयोजन में 75 दलों में से भारत ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मण्डला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, रानू राजपूत, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी बरकडे, एसडीओ राम सूत्रकार, रेंजर सोनम जैन, अजय तिवारी, सहायक संचालक माखन सिंह सिन्द्राम, लालसाय मसराम, नोडल अधिकारी सत्यजीत सिंह पटैल, खण्ड प्रभारी शैलेष तिवारी, बोर्ड परीक्षा प्रभारी महेन्द्र श्रीवास, पर्यावरण विद राजेश क्षत्री, योगेश चौरसिया, राकेश चौरसिया, अहते शाम नूर, नर्मदा प्रसाद चक्रवर्ती सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति रहे। मंच का संचालन अखिलेश उपाध्याय के द्वारा किया गया।

## एसआईआर कार्य 100 प्रतिशत सफलता के साथ पूर्ण, कलेक्टर ने टीम का किया सम्मान

**मण्डला।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक किया जा रहा है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निवास के मार्गदर्शन, नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार श्री पुष्पेंद्र पन्द्रे के नेतृत्व तथा बीएलओ सुपरवाइजर के उत्कृष्ट समन्वय से यह कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हुआ। मतदान केंद्र 231 सेमरखापा की बीएलओ श्रीमती सुमन पटेल और मतदान केंद्र 235 बनियातारा के बीएलओ चंदरसिंह उइके, सेमरखापा पटवारी हिमांशु अवस्थी और बनियातारा पटवारी श्रीमती गीतांजली मार्को के सहयोग से इस सफलता को सुनिश्चित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने इस उल्लेखनीय कार्य के लिए सभी टीम सदस्यों को कलेक्टर चेम्बर में पुष्पगुच्छ और मिठाई देकर सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस कार्य से जिले में मतदाता सूची के अद्यतन और निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

### रेल लाईन के माध्यम से कब जुड़ेंगे छत्तीसगढ़ से

# सांसदों से सामूहिक पहल की अपील

*** बिलासपुर-मंडला-जबलपुर रेल लाइन प्रोजेक्ट को मिले स्वीकृति।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




रेल सुविधाओं को लेकर आज भी मंडला तरस रहा है भले ही मंडला रेलवे स्टेशन के विकास में करोड़ो रूपए खर्च किये गये हों लेकिन जिन ट्रेनों की मांग की जा रही है वह ट्रेन आज भी चालू नहीं हो पाई हैं। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि लगातार रेलवें संघर्ष समिति को भरोसा दिलाया जाता रहा कि मंडला रेलवें स्टेशन से अनेक ट्रेन चालू होंगी लेकिन अब तक केवल वादें ही दिखाई दिए है जिससे रेलवें संघर्ष समिति में आक्रोश है लगातार ज्ञापन धरना प्रदर्शन के बाद भी सफलता नहीं मिल पाई हैं। वहीं इस ओर बिलासपुर राजनांदगांव बालाघाट मंडला और जबलपुर लोकसभा क्षेत्रों के नागरिकों ने लंबे समय से लंबित बिलासपुर-मंडला जबलपुर नई रेल लाइन परियोजना को स्वीकृत कराने के लिए क्षेत्र के सांसदों से एकजुट होकर पहल करने मांग की है। इसके लिए पांचों लोकसभा क्षेत्रों के सांसद तोखन साहू बिलासपुर, बिलासपुर, संतोष पाण्डेय राजनांदगांव, फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला, श्रीमती भारती परमार बालाघाट, आशीष दुबे जबलपुर को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन भेजा गया है। 1944 में शुरू होकर अधर में लटक गया था प्रोजेक्ट जानकारी के अनुसार यह परियोजना ब्रिटिश शासनकाल में वर्ष 1944 में सेंट्रल कनेक्टिविटी इंडिया प्रोजेक्ट के नाम से सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत हो चुकी थी। कार्य प्रारंभ की स्थिति में भी पहुंच गया था लेकिन देश में उग्र होते स्वतंत्रता आंदोलन के चलते ब्रिटिश सरकार ने इस परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नैसर्गिक आर्थिक धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से आज भी यह रेल लाइन उतनी ही अनिवार्य है जितनी उस समय थी। वर्तमान में बिलासपुर से जबलपुर के बीच सिर्फ एक ही रेल मार्ग है बिलासपुर शहडोल कटनी जबलपुर वर्तमान दूरी लगभग 425 किमी प्रस्तावित नई लाइन से दूरी करीब 290 किमी कुल किमी लगभग 135 किमी नागरिकों का कहना है कि दूरी कम होने से यात्रियों का समय बचेगा वहीं रेलवे के लाखों लीटर डीजल ऊर्जा की भी बचत होगी। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ पहले एक ही राज्य रहे हैं इस कारण आज भी दोनों राज्यों में कई क्षेत्र एक दूसरे पर निर्भर हैं स्वास्थ्य शिक्षा व्यापार रोजगार खनिज व वन संपदा आध्यात्मिक धार्मिक और प्राक्तिक पर्यटन स्थानीय लोगों का दावा है कि नई कनेक्टिविटी दोनों राज्यों के विकास की धुरी बन सकती है। यह रेल लाइन सिर्फ दो राज्यों के लिए ही नहीं बल्कि उत्तर भारत से दक्षिण भारत तक कम दूरी का रणनीतिक रेल कॉरिडोर बन सकती है जिससे राष्ट्रीय स्तर पर आवागमन और माल ढुलाई को गति मिलेगी। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि सांसद सामूहिक रूप से लोकसभा और रेल मंत्रालय में प्रभावी पहल करें तो यह परियोजना आसानी से स्वीकृति पा सकती है। वहीं दूसरी तरफ मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन से पेंचवेली एक्सप्रेस ट्रेन को 22 कोच के साथ चलाने मांग की गई है ताकि यात्रियों की बढ़ती संख्या को समायोजित किया जा सके और बेहतर सुविधा प्रदान की जा सके। वर्तमान में पेंचवेली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 19343/19344 आमतौर पर 15 से 16 कोचों के साथ चलती है जिसमें विभिन्न श्रेणियों के कोच शामिल होते हैं जैसे 3 एसी स्लीपर और जनरल यह ट्रेन हाल ही में नैनपुर जंक्शन तक बढ़ाई गई है जिसे मंडला से चालू करने की मांग की जा रही है। ऐसी चर्चा थी कि शीघ्र ही पंचवेली एक्सप्रेस ट्रेन मंडला स्टेशन से आरंभ होगी। लेकिन यह चर्चा केवल चर्चा ही रह गई। जिससे जिले के लोगों को इंदौर और भोपाल जैसे प्रमुख शहरों से सीधी कनेक्टिविटी मिली है रेलवे अधिकारियों और रेल प्रशंसकों के बीच यह चर्चा का विषय रहा है कि ट्रेन में भीड़ को देखते हुए विशेषकर नैनपुर तक विस्तार के बाद कोचों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है यह सुझाव दिया गया है कि ट्रेन को 22 एलएचबी कोचों आधुनिक लिंक हॉफमैन बुश कोच के साथ चलाया जाना चाहिए ताकि अधिक यात्रियों को समायोजित किया जा सके।



# मैली, खैरी में मनाया गया संविधान दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार 26 नवंबर 2025 को संविधान की प्रस्तावना के अंतर्गत संविधान दिवस मनाया गया साथी संविधान के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी चित्रकला आदि का आयोजन ग्राम पंचायत मैली फेरी के द्वारा कराया गया जिसमें संविधान के अंतर्गत मौलिक अधिकारों का वाचन एवं प्रश्नपत्री अंतर्गत पेसा एक्ट एवं संविधान में दिए गए अधिकारों का ग्रामीण का समक्ष वाचन किया गया जिसमें ग्राम के बच्चों से लेकर समस्त मतदाता एवं युवा साथी मौजूद रहे जिसमें ग्राम पंचायत मैली की सरपंच श्रीमती सोनिया भाई विनोद कुमार को पार्वती बाई नरेश डोंगरे पार्वती बाई रामवती भाई रंजन बाई राजकुमारी बाई ज्योति बाई सुशीला बाई राजकुमार कन्हैया सिंगरौली एवं ग्राम के गोविंद झरिया नारायण झरिया उमाशंकर झरिया रंजीत झारिया मंजू झरिया शंभू सिंगरौली अशोक विश्वकर्मा अशोक एवं कोटवार समस्त ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही जिस कार्यक्रम की प्रस्तावना ग्राम पंचायत सचिव अनिल कुमार शर्मा के द्वारा प्रस्तुत की गई एवं संविधान अंतर्गत मौलिक अधिकारों का वाचन कर शपथ दिलाई गई।

## एसडीएम ने ली उपार्जन समिति की बैठक

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम श्रीमती सिडाम ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन से संबंधित आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने समिति के सदस्यों को उपार्जन पॉलिसी के अनुरूप ही कार्य करने तथा एफऐक्यू क्वालिटी का ही धान ख़रीदने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित ध्यान रखें। इस दौरान प्रशासक सहकारिता श्री नितिन तेकाम सहित उपार्जन समिति के सदस्य उपस्थति थे।

# महाविद्यालय में हुआ संविधान दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला में भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक कैलेंडर पर आधारित त्रैमासिक गतिविधियों के अंतर्गत आज 26 नवंबर 2025 को भारतीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संविधान दिवस एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के अटूट संबंध पर सुश्री मनीषा सूर्या द्वारा प्रकाश डाला गया, साथ ही संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं बीज वक्तव्य डॉ टी पी मिश्रा द्वारा दिया गया। संविधान दिवस के संबंध में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए प्रश्न मंच एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परविंद विश्वकर्मा एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका झरिया ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त संविधान दिवस में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति शास्त्र के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर टीपी मिश्रा के द्वारा संविधान की प्रस्तावना की विस्तृत व्याख्या एवं उद्देशिका के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संविधान दिवस के विषय में विद्यार्थियों द्वारा भाषण एवं कविताओं के माध्यम से सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ अंकिता बिसेन के द्वारा किया गया। आयोजन समिति की संयोजक श्रीमती सैयद निहा एवं समिति सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बी टेंभरे डॉ नसीम बानो डॉ बी एल झरिया डॉ पी एल झरिया, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



# सहकारी बैंक बिछिया में भारत का संविधान दिवस पर सभी ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



जिला सहकारी बैंक बिछिया के शाखा प्रबंधक शशि सिंह ठाकुर द्वारा बैंक कार्य प्रारंभ करने के पूर्व सभी बैंक कर्मचारियों ओर उपस्थित उपभोक्ताओं को भारत का संविधान की सपथ दिलाई इस अवसर पर बैंक के सह कर्मी कृषक सुनील गर्ग शाखा प्रबंधक शशि सिंह ठाकुर सहित समस्त उपभोक्ता जनों ने 75 वे भारत का संविधान दिवस की पर हाथ उठाकर शपथ ली

### उत्कृष्ट विद्यालय में ली संविधान दिवस की शपथ

भुआ बिछिया मंडला शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछिया में प्राचार्य श्रीमति अरुणा दीक्षित की उपस्थिति में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रवि प्रसाद नेवले के द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को संविधान दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर शाला प्रांगण में सभी शिक्षक छात्र छात्राएं उपस्थित थे

निःशुल्क अंधत्व निवारण शिविर ग्राम पंचायत भीमोरी एवम् ग्राम पंचायत चन्दगांव में दादा वीरेन्द्र पूरी जी महाराज ,(देवजी नेत्रालय,) शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 56 मरीजों ने अपनी आंख का जांच करवाया, जांच उपरांत 14 मरीजों को चयनित कर मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु देव जी नेत्रालय जबलपुर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया, इस अवसर पर सभी चिकित्सक ग्रामवासी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



**संविधान दिवस** | सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन।

# उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

*** एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र भी रहे शामिल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला के शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में संविधान दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने भारतीय संविधान के महत्व को याद किया और इसके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने संविधान में निहित मूल्यों, जैसे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से इन मूल्यों का अपने जीवन में पालन करने का आह्वान किया। तत्पश्चात शिक्षक विपिन लखेरा ने भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन किया, जिसे सभी उपस्थित लोगों ने दोहराया। उद्देशिका का वाचन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसने सभी को देश की एकता और संप्रभुता की भावना से ओत-प्रोत कर दिया।

इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। जिनमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रा अनुष्का श्रीवास्तव, संध्या मेहरा, प्रतिभा ने संविधान के महत्व और उद्देश्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। जिसमें एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शिक्षक राम ज्योतिषी, राजकुमार हरदहा, मुक्ता खाका, अखिलेश उपाध्याय, प्रवीण अग्रवाल, कीर्ति शुक्ला, वंदना श्रीवास्तव, रंजना पांडे एवं सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सहभागिता की।



## संविधान दिवस जनपद नारायणगंज में मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज में 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस मनाया गया जिसमें जनपद पंचायत नारायणगंज के एवं अजीब कामिशन के कर्मचारियों के द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया शपथ में जिसमें भारत का संविधान हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्र गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय विचार अभिव्यक्त विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 की मार्ग शीष शुक्ल सप्तमी संवत 2006 विक्रमी को इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आज समाज आत्म समर्पित करते हैं इस कार्यक्रम में राम्मू सिंह मरावी खंड विकासखंड अधिकारी श्रुति सागर उपाध्याय पंकज साहू बरखा रानी आरडी प्रजापति सुदीप चौरसिया यशवंत सिंह मार्को सुनील दुबे आशीष पांडे हेमंत चंद्रोल नोखेयादव आनंद गजभिए अरविंद बर्मन मोनू चौकसे सत्येंद्र सिंगरौर शैली सिंह दुर्गा यादव विनोद यादव दीपक पदम द्वारा जनपद कार्यालय में शपथ ग्रहण किया गया।

## खबर संक्षेप

### भागवत कथा में उमड़ रहा जन सैलाब



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर के सुरेन्द्र सिंह पटैल के शांति नगर स्थित आवास पर 21 नवम्बर से 27 नवम्बर तक चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में जहां भक्तों का जन सैलाव उमड़ते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर कथा वाचक के रूप में पधारे हुये वसुश्रेष्ठ दास इस्कान बदनावर द्वारा प्रतिदिन बडे ही मनमोहक रूप से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनाते हुये देखे जा रहे है। इस प्रकार से बीते हुये दिनों उन्होंने भक्त प्रहलाद के आलवा वामन अवतार, गजेन्द्र मोक्ष, समुंद्र मंथन सहित अन्य कथाओं का वर्णन सुनाते हुये जहां मौजूद भक्तनों को भाव विभोर करने में कोई कसर नही छोड़ी गई। वही आज 27 नवम्बर को पूर्ण आहूति के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा।

### लाठी मारकर युवती को चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बसुरिया सौरभ पिता भगवानदास वर्मा उम्र 24 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है जब में बडा बाजार से निकल कर जा रहा था उसी दौरान रास्ते में सुरेन्द्र उर्फ कन्नू पिता अशोक कहार मिला और बगैर कारण के गंदी गंदी गालिया देने लगा जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया और अपने घर आ गया। कुछ देर पर आरोपी अपने हाथ में लाठी लेकर प्रार्थी के घर आया घर के पास खड़ी प्रार्थी की बहिन को लाठी मारते हुये चोट पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### डंडा मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपसि सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बसुरिया निवासी प्रदीप पिता प्रहलाद अहिरवार उम्र 26 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बाजार से जा रहा था उसी दौरान राजकुमार पिता खुमान सिंह अहिरवार मिला जो पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा काली देने से मना किया तो आरोपी ने डंडे से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### कलयुगी पुत्र ने माँ सहित पिता से की मारपीट

**गाडरवारा।** सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के ग्राम आंडेगांव कला निवासी खरगराम पिता पूरन लाल अहिरवार उम्र 60 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि में अपनी लकुआ ग्रस्त पत्नी के साथ घर पर सौ रहा था उसी दौरान प्रार्थी का बेटा शराब पीकर आया और गंदी गंदी गालिया देने लगा जब प्रार्थी पिता द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी पुत्र द्वारा माँ के साथ मारपीट करते हुये चोटै पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी पिता की शिकायत पर माँ के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पुत्र के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### टूटती सड़क खुद ही उजागर कर रही गुणवत्ता की सच्चाई, कार्यवाही न होना खड़े कर रहा सवाल...?

# निर्माण के चंद माह तक नहीं चल पाई भौरझिर से होते हुये खुलरी सिहोरा की सीमेंट सड़क





**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब क्षेत्र में किसी बड़ी सौगात मिलती है तो जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की मेहनत का ही परिणाम होता है। मगर जब उस सौगात का निर्माण कार्य होने के दौरान उसमे गुणवत्ता को दर किनार करते हुये गफलबाजी की जाने के दौरान जिम्मेदारों की चुप्पी निश्चित तौर से उसके द्वारा की गई सारी मेहनत पर पानी फिरने में देर नही लगाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय करोड़ो की लागत से चंद वर्ष पहले निर्मित हुई क्षेत्र के लिंगा से कुसमी सगौरिया होते हुये भौरझिर, खुलरी से सिहोरा सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य के दौरान जो सच्चाई देखने मिली है। बताया जाता है कि जिस प्रकार से इस सड़क का निर्माण कार्य करने वाली एजेंसी द्वारा गफलत बाजी बरती गई है उसका हाल ऐसा बनते हुये देखा जा रहा है कि सही मायाने में देखा जावे तो अभी तक इस सीमेन्ट सड़क का कार्य पूरा भी नही हो पाया है और सड़क पर जहां तहां से निकल रही दरारो के साथ साथ टूटती हुई सड़क अपनी गुणवत्ता की सच्चाई को खुद ही उजागर करने से नही चूक रही है...? ग्रामीणों की सुविधा का ध्यान में रखते हुये करोड़ो की राशि से बनाई गई इस सीमेन्ट सड़क की जब क्षेत्रवासियों के लिये सौगात मिली थी तो निश्चित तौर से क्षेत्र के लोग फूले नही समा रहे थें कि अब क्षेत्रवासियों को लम्बे समय तक सड़क की परेशानी से निजात मिल जाबेगी। मगर यह सोच क्षेत्र के लोगों के लिये एक सपना ही साबित होने से नही चूक पाई तथा हाल ही में निर्मित हुई सड़क जिस प्रकार से यह सीमेन्ट सड़क जहां तहां से टूटते हुये अपनी गुणवत्ता कहानी बता रही है । मगर हैरत इस बात की है कि इस सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी कोई जांच न होना निश्चित तौर से इस बात का संकेत देते हुये जान पड़ रहा है कि शायद अब इस गफलत बाजी के खेल में अधिकारियों से लेकर जिम्मेदारों की भी भागीदारी हो चुकी है..? क्योंकि जिस तरह करोड़ो की राशि से बनाई गई इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण के दौरान निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जिस गुणवत्ता का अपनाते हुये कार्य शुरू किया गया तो शुरूआती तौर से ही मीडिया द्वारा आवाज उठाना शुरू कर दिया गया था। मगर इसके बाद भी ध्यान नही जिये जाने का परिणाम है कि करोड़ो की लागत से बनी यह सड़क गफलतबाजी की भेंट चढ़ने से नही चूक पाई है। इस ओर किसी भी तरह से न तो संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया गया था और न ही क्षेत्र के जिम्मेदारों द्वारा जिसका परिणाम इस तरह से देखने मिला कि इस सीमेन्ट सड़क का निर्माण होते ही जहां जहां से सड़क को टूटते हुये देखे जाने के कारण उसकी गुणवत्ता उजागर होने लगी है। इस प्रकार से हाल ही में निर्मित हुई इस सीमेन्ट सड़क के जहां तहां से टूटने की सच्चाई को लेकर समय समय पर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उजागर करते हुये जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाते हुये सड़क निर्माण के गुणवत्ता की सच्चाई को उजागर किया गया था। मगर शायद उनके द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का कोई ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि अब निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा अपनी सच्चाई को छुपाने की सोच रखते हुये आये दिन सड़क पर निकल रही दरारों की लीपा पोती करते हुये देखा जा रहा है? तो दूसरी ओर सड़क को लेकर हैरत की बात यह देखने मिल रही है कि इस तरह करोड़ो की राशि से निर्मित होने जा रही इस सीमेन्ट सड़क जिस प्रकार से अपने निर्माण के चंद दिवस के उपरांत यानि की अभी निर्माण कार्य सही रूप से पूर्ण भी नही हो पाया और सड़क का जहां तहां से टूटना शुरू हो चुका है उसको लेकर न तो संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर हर बात की गारंटी का भरोसा दिलाने वाले पेहरेदारों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा जिसके चलते निश्चित तौर से क्षेत्र के लिये मिली करोडो की सौगात गफलतबाजी के भेंट चढ़े जाने के बाद भी आज तक किसी अधिकारी द्वारा इसकी जांच करना भी उचित नही समझा गया है और परिणाम है कि सड़क लगाता टूटते चली जा रही है। बताया जाता है की सड़क के बीचों बीच निकल रही दरारो के बीच मे जहां झाडियाँ पैदा होते हुये दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर सड़क के बीचों बीच निकल रही इन दरारों में आये दिन दो पहिया वाहन दुर्घटना का शिकार होते हुये देखे जाना आमबात होने लगी है। इस तरह क्षेत्र के विकास के नाम पर अधिकारियों की अनदेखी के चलते शासकीय धन की होली खेली गई है उसको लेकर हर भरोसे की गारंटी देने वाले पेहरेदारों से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी निश्चित तौर से अनेक सबालों को जन्म देने से नही चूक रही है..?

## सड़क दुर्घटना में सैनिक के निधन पर सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई, जिला पुलिस अधीक्षक ने पुष्प चक्र के साथ अर्पित किये श्रद्वासुमन

**हरिभूमि न्यूज/ सिहोरा/बोहानी।** क्षेत्र में लगातार बेलागम गति से दौड़ रहे वाहनों की स्थिति इस तरह से देखन मिल रही है कि कब किस जगह कौन सी घटना में लोग काल के गले में समा जावे किसी को पता नही रहता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये 19-20 नवम्बर की दरम्यानी रात उस समय देखने मिला जब गरहा रोड़ पर एक बेलगाम गति से दौड़ रही मोटर साईकिल द्वारा मारी गई टक्कर के चलते होम गार्ड के सैनिक को अपनी जिन्दगी बलिदान देना पड़ा। बताया जाता है कि मूल रूप से ग्राम गरहा निवासी पुरूषोत्तम पटैल सिहोरा पुसिल चौकी में होमगार्ड विभाग में सैनिक के पद पर पदस्थ रहते हुये पुलिस विभाग में अपनी सेवाये प्रदान कर रहे थें। रात के समय वह डियूटी के दौरान जब कही जा रहे थें तो ग्राम बरांझ गरहा मार्ग पर मोटर साईकिल क्रमांक एम पी 49 जेड एस 4455 के चालक द्वारा अपनी मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये सैनिक पुरूषोत्तम को टक्कर मार दी गई जिसके चलते उन्हें गंभीर अवस्था में उपचार हेतु ले जाया गया था। मगर उपचार के दौरान उनका निधन होने के चलते उनके परिवारजनों के साथ साथ संपूर्ण पुलिस विभाग शोक में डूबने से नही चूक पाया। बताया जाता है कि लगभग 56 वार्षिय सैनिक पुरूषोत्तम पटैल वर्ष 2021 से सिहोरा चौकी में जिस तरह से अपनी सेवाये प्रदान करने के साथ अपने मिलानसार स्वभाव तथा अपने कर्त्तव्य को निष्ठा के साथ पालन करते हुये विभाग व आमलोगों के दिलों में एक अलग ही पहचान बनाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। इसी का परिणाम है कि उनके आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया। वही दूसरी ओर बीते हुये दिवस सैनिक पटैल की शवयात्रा में क्षेत्र के लोगों के साथ जिला पुलिस अधीक्षक सहित होमगार्ड के अधिकारियों ने शामिल होने से नही चूक पाये। बताया जाता है कि सैनिक पटैल का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम गरहा में पूर्ण सम्मान के साथ किया गया। इस मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, गाडरवारा नगर निरीक्षक विक्रम रजक, सिहोरा चौकी प्रभारी विजय पाल, होम गार्ड अधिकारियों सहित आसपास के थाना प्रभारियों ने शामिल होकर स्व. सैनिक के शव पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुये उन्हें सलामी देते हुये श्रद्वासुमन अर्पित अंतिम बिदाई दी गई।



## सामूहिक रूप से गौवंश की मौत के मामले को लेकर परशुराम सेना सहित सर्व समाज द्वारा मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लगभग 15 दिवस पूर्व नगर के समीप डमरूघाटी के पास जिस तरह सामूहिक रूप से गौवंश की मौत होने की खबर से क्षेत्र में सनसनी का महौल देखने मिलने से नही चूक पाया था। वही दूसरी ओर इस तरह गौवंश की मौत को लेकर यह बात सामने आते हुये देखी जा रही थी कि एक शादी समारोह के दौरान बचे हुये खाने की सामग्री को खुले मैदान में फैकने के चलते गायों द्वारा उसे लगातार खाये जाने के चलते उनकी मौत हुई है..? इस घटना को लेकर गौ पालक की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया था। मगर इसके बाद आज तक न तो गौवंश की मौत के आरोपी का खुलासा हो पाया है और न ही इस बात का पता चल पाया है कि आखिरकार सामूहिक गौवंश का जिम्मेदार कौन है..? इस बात को लेकर जहां गौवंश प्रेमियों में आक्रोश फैलते हुये देखा जाने लगा है। इसी बात को लेकर बीते हुये दिवस परशुराम सेना सहित सर्व समाज द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपते हुये कार्यवाही की मांग की गई है। बताया जाता है कि श्री परशुराम सेना मप्र के जिला अध्यक्ष पं मुकेश बसेड़िया ने सर्व समाज व अपने साथियों तथा सनातनी बंधुओ की उपस्थिति में सामूहिक ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि बहन बेटियों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले संतोष वर्मा पर कठोर कार्यवाही की जावे। क्योंकि हमारे भारत की बहन बेटियां को सनातन धर्म मे माँ दुर्गा का साक्षात स्वरूप माना है। उनके प्रति इस तरह की अशोभानीय बातों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नही किया जावेगा। वही रायसेन जिले में एक मासूम के साथ घटित हुई घटना के आरोपी को शीघ्र गिरप्तार करने की भी मांग की गई। वही दूसरी ओर नगर के समीप जिस तरह सामूहिक रूप से गौवंश की मौत मामले में भी सख्त कार्यवाही की मांग की गई है। इस मौके पर मुख्य रूप से व श्री परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष पं मुकेश बसेडिया के आलवा जिला उपाध्यक्ष प. भागीरथ तिवारी, प.महेंद्र भार्गव, पं मनोज शर्मा, पं हेमन्त स्वामी, अनुज शर्मा, राजेश पचौरी, अनन्त कृष्ण द्विवेदी, पं मनोज कुमार द्विवेदी, जगदीश आचार्य, प्रेम तिवारी, शातल दुबे ,सतीश लमानिया, राजा शर्मा, अनूप खुडासिया ,पं मनीष शर्मा, पं कमलेश द्विवेदी , लकी सोनी सहित सर्व समाज के वरिष्ठ बन्धु जन सहित मातृ शक्ति के रूप में रानी देवी हरदेनिया के साथ अनेक महिलाओं व सामाजिक जन मौजूद थे।

## बिही तोड़ने पर लाठी मारकर चोट पहुंचाई

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कभी कभी देखा जाता है कि लोग छोटी छोटी बातों को लेकर इस तरह मारपीट करने पर उतारू हो जाते है कि उसका परिणाम क्या होगा इसका अंदाजा लगाना भूल जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम मारेगांव में उस समय देखने मिली जब पेड़ से एक बिही तोड़ने पर युवक के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचा दी गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम मारेगांव निवासी हेमंत कुमार पिता भगवानदास वर्मा द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब वह गुरूदेवदास समाधि के पास से निकल रहा था उसी दौरान प्रार्थी द्वारा वहां पर लगे हुये विही के पेड़ से एक बिही तोड़ ली तो इसी बात को लेकर समाधि पर पूजन करने वाले कामतादास पिता द्वारकादास द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।



## सांईखेड़ा-गाडरवारा प्रदेश स्तर के मार्ग पर निकले गये गड्ढे वाहन चालकों के लिये बजा रही मौत का सायरन

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** कहने के लिये तो सांईखेड़ा से गाडरवारा की ओर जाने वाला यह मार्ग प्रदेश के नक्से में प्रदेश स्तरीय मार्ग के रूप में दर्जा प्राप्त किये हुये है। मगर इस मार्ग पर निकल रहे गड्ढे निश्चित तौर से संपूर्ण भारत वर्ष में इस मार्ग पर निकले हुये गड्ढे क्षेत्र का नाम रोशन करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। क्योंकि प्रदेश स्तरीय मार्ग होने के चलते यह मार्ग प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर को सीधे प्रदेश की राजधानी भोपाल से जोड़ता है। इसी के चलते इस मार्ग से प्रतिदिन देश के कौने कौने में निवास करने वाले लोगों का निकलना होता है। इस स्थिति में जब वह लोग सांईखेडा व गाडरवारा के बीच से गुजरते है तो ग्राम देवरी मिढवानी के पास व अन्य जगहों पर इस मुख्य मार्ग पर बने हुये गड्ढो के बीच गांव की गंदी नालियों का भरा हुआ पानी क्षेत्र की पहचान बचाने में पीछे नही रहता है। वही दूसरी ओर इस गंदगी से वाहन निकलने वालों की नजर में सरकार द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुये चलाये जा रहे स्वच्छ भारत को भी ग्रहण लगने से नही चूक रहा है..? इस तरह मुख्य मार्ग पर निकले रहे इन गड्ढो की सच्चाई को देखते हुये आये दिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लेकर क्षेत्र के अधिकारियों का भी यहां से निकलना होता है। वही दूसरी ओर मीडिया द्वारा जब इस सच्चाई को लगातार उजागर किया गया था तो कुछ माह पहले सुधार कार्य के नाम पर निभाई गई औपचारिकता के दौरान जिस तरह पान में चमन बाहर की तरह डामर का उपयोग करते हुये किये गये सुधार कार्य के चलते चंद दिनों के बाद फिर गड्ढो द्वारा अपना पुराना स्वरूप धारण करते हुये आमजन के लिये मौत का सायरन बजाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? क्योंकि बडे वाहन तो यहां से किसी तरह निकल जाते है। मगर सबसे अधिक परेशान उन छोटे वाहन चालकों को झेलनी पड़ती है जो इन गड्ढो में फंस जाने के बाद गंदगी के बीच परेशान होते है। वही मोटर साईकिल चालको को तो आये दिन इन गड्ढो में गिरकर घायल होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है।



### मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दिखाई जावेगी फ्री में फिल्म



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शासन के आदेश अनुसार मतदाता सूचियों की सूक्ष्मता के साथ जांच करने के लिये संपूर्ण क्षेत्र में एसआईआर का कार्य बड़े ही जोरों पर दिखाई देने से नही चूक रहा है। बीएलओं लोगों के घरों के चक्कर काटते हुये देखे जा रहे है। इसी के चलते अनुविभाग स्तर पर पीएलओं की नियुक्ति कर इस कार्य को शीघ्रता का पूर्ण कराने के निर्देश जारी किये गये है। वही दूसरी ओर इस कार्य को शीघ्र व निष्ठा से संपन्न कराने वाले बीएलओं को जहां सम्मानित करने की बात कही गई है तो दूसर ओर इन बीएओं को फ्री में फिल्म दिखाने का भरोसा भी दिया गया है।

## रेल्वे स्टेशन के पास से गायब हुई स्कूटी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भले ही पुलिस द्वारा नगर में अपनी चौकस गस्त करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। मगर इसके बाद भी जिस तरह लोगों के वाहन चोरी होते हुये देखे जा रहे है वह पुलिस की सक्रियता पर सबाल खड़ करने से नही चूक रही है। नगर का शायद ऐसा कोई स्थान शेष होगा जहां पर वाहन चोर सक्रिय रहते हुये चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में पीछे रह रहे हो..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये नगर में रेल्वे स्टेशन पर देखने मिली जहां पर अज्ञात चोरों द्वारा अपनी पत्नी को लेने के लिये गये हुये कपड़ा की दुकान चलाने वाले युवक की स्कूटी पार कर डाली। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के बीजासेन वार्ड निवासी एक कपड़ा दुकान के संचालक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस वह रात के समय ट्रेन से आ रही अपनी पत्नी को लेने के लिये एक्टिवा स्कूटी क्रमांक MP49MD0279 से गया हुआ था। प्रार्थी द्वारा अपनी स्कूटी को प्लेट फार्म के गेट के सामने खड़ी करने के बाद अंदर गया और जब बाहर आया तो उसकी स्कूटी गायब मिली। घटना को लेकर प्रार्थी ने स्कूटी चोरी की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## दो बाइकों की भिंडत में घायल



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लापवाही पूर्वक वाइक दौड़ाये जाने के चलते खुद के साथ साथ लोग दूसरों की जान को खतरे में डालने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस देखने मिली जब दो मोटर साईकिलों की आमने सामने से भिंडत होने के चलते वाइक चालक घायल हो गये। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार घायल प्रकाश कहार पिता कैलाश कहार उम्र 21 वर्ष निवासी नीमच थाना पलोहा ने बताया कि वह अपने चाचा ब्रजेश कहार के साथ रोज की तरह मजदूरी का काम करने गाडरवारा गया हुआ था जो वापिस आने के दौरान उसकी मोटर साइकिल क्र. MP49-MR-2781 सांगई तिराहा के पास पहुंची तो दूसरी ओर से आ रही मोटर साईकिल MP15-MT-3192 के चालाक द्वारा अपनी मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई। घटना में प्रार्थी प्रकाश व उसके चाचा ब्रजेश कहार तथा सामने वाली मोटर साइकिल का चालक भी गिर गया और कुछ देर बाद वह मौके से भाग गया। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी मोटर साईकिल चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**खबर संक्षेप**

## बैगा समाज के विरोध पर रुका पानी टंकी निर्माण, विधायक ओमकार मरकाम ने दिए वैकल्पिक स्थल खोजने के निर्देश



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** नगर परिषद डिंडोरी के वार्ड क्रमांक 03 स्थित बैगा बैगिन चौक में बनाई जा रही पानी की टंकी को लेकर स्थानीय बैगा समाज का विरोध तेज हो गया है। समाज के लोगों ने निर्माण कार्य पर आपत्ति जताते हुए इसे तत्काल रोके जाने की मांग की थी।मंगलवार को मौके पर डिंडोरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद इकबाल और नेता प्रतिपक्ष ज्योतिरादित्य भलावी पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली।विधायक ओमकार मरकाम ने संबंधित पटवारी को निर्देशित किया कि टंकी निर्माण के लिए किसी अन्य उपयुक्त स्थान का प्रस्ताव तैयार किया जाए। साथ ही उन्होंने नगर परिषद के इंजीनियरों को सख्त निर्देश दिए कि बैगा समाज के सदस्यों से चर्चा और सहमति के बाद ही आगे का कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक चर्चा पूरी नहीं होती, तब तक निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद रखा जाए।घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनकी भावनाओं और परंपराओं का सम्मान किया जाएगा।

## संविधान दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर और डॉ. स्वर्णिम पटेल भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी की मार्गदर्शन में भारतीय संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक धर्मेन्द्र बहादुर सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संविधान व्यवस्थापिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका को कार्यान्वित करने के लिए मूल प्रस्तावना हैं। इसके साथ साथ सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा डावर एवं डॉ. निगहत खान ने भी भारतीय संविधान दिवस पर अपने वक्तव्य से छात्र एवं छात्राओं को अभिभाषण के साथ समानता, धर्मनिरपेक्ष, लोकतंत्र, न्याय एवं स्वतन्त्रता की महत्व बताए गए। इसके पश्चात समस्त महाविद्यालय के स्टॉफ एवं छात्र - छात्राओं ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन के साथ शपथ ग्रहण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ डॉ. सुनील काकोड़िया, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विधिक जागरूगकता शिविर का आयोजन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल की अध्यक्षता में प्रातः 11:00 बजे न्यायालय परिसर अनूपपुर में संविधान की उद्देषिका का वाचन किया गया। उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। तत्पश्चात संस्कार विधि स्नातकोतर महाविद्यालय अनूपपुर में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विधिक जागरूगकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विनोद कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा उपस्थित विद्यार्थीगणों को संविधान प्रदत्य मौलिक अधिकारों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। तदोपरांत बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा संविधान में प्रदत्य मौलिक कर्तव्यों के साथ-साथ विधिक सहायता, विधिक सलाह, मध्यथता आदि योजनाओं की जानकारी दी तथा 13 दिसम्बर को होने वाले नेषनल लोक अदालत में अधिक से अधिक आमजन को लाभ लेने की जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक अभय शर्मा, विद्यासागर मांझी, सुश्री सरिता चौरसिया, पल्लव मिश्र, रविन्द्र यादव सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

**कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के नेतृत्व में ग्रामीण अंचलों तक पहुँच रही योजनाओं की श्रृंखला**

# बजाग में 29 नवंबर को विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं स्वरोजगार मेला

डिंडौरी।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में डिंडौरी जिले में ग्रामीण एवं जनजातीय समुदायों को शासन की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से लगातार महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। डिंडौरी जिला जनजातीय एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहाँ के दूरस्थ जंगल एवं पहाड़ी अंचलों में बसे युवा-युवतियों तथा आमजनों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने हेतु प्रशासन सक्रिय रूप से प्रयास कर रहा है इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के विशेष प्रयासों से जिले में प्रत्येक विकासखंड स्तर पर विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सुविधाएँ उपलब्ध हो रही हैं।



### 29 नवंबर 2025 को विकासखंड बजाग में विशाल शिविर

विकासखंड बजाग में 29 नवंबर 2025 को विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं स्वरोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सिकल सेल एनीमिया की स्कैनिंग, टी.बी. एवं अन्य बीमारियों की जांच की जाएगी तथा आवश्यकता अनुसार दवाइयाँ भी प्रदान की जाएंगी।शिविर में निम्न प्रमुख योजनाओं से संबंधित फार्म भरे जाएंगे और पात्र नागरिकों को लाभ प्रदान किया जाएगा

### भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना

टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना,संत रविदास स्वरोजगार योजना,डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना,मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना,विभाग की हैप्पी सुपर सीडर योजना,उद्यानिकी विभाग की योजनाएँ,मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना साथ ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी एवं अन्य आवश्यक सेवाएँ भी शिविर में उपलब्ध रहेंगी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर शासकीय योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें।

## भावान्तरण योजना के तहत मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से किसानों को की राशि हस्तांतरित



**डिंडौरी।** भावान्तरण भुगतान योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर जिले से सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के खातों में राशि हस्तांतरित की। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले की विभिन्न मंडियों में किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के 26 किसानों द्वारा अब तक 529.47 क्विंटल सोयाबीन का विक्रय मंडियों में किया जा चुका है। योजना के तहत समर्थन मूल्य और बाजार मूल्य के अंतर की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा की जा रही है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है।अधिकारियों ने बताया कि भावान्तरण योजना किसानों की आय सुरक्षा सुनिश्चित करने और कृषि उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण एवं लाभकारी कदम है।



## तहसीलदार ने धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में शहपुरा तहसीलदार सुन्दर लाल यादव ने ग्राम मानिकपुर और ग्राम बरगांव स्थित धान खरीदी उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली और किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को जाना। तहसीलदार यादव ने उपस्थित अधिकारियों और उपार्जन केंद्र स्टाफ को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, तौल क्रम और खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारू रहे। उन्होंने स्टॉक, व्यवस्था, मशीनों की कार्यप्रणाली तथा सुरक्षा इंतजामों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पटवारी आनंद डेहरिया, लेम्पस मैनेजर राजेश साहू, उपार्जन केंद्र प्रभारी रामानंद साहू सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

### शंकर मंदिर के पास मिला विलुप्त प्रजाति घायल जलीय पक्षी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नगर के शंकर मंदिर के समीप नागरिकों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग ने एक जलीय पक्षी कीचमुर्गी का रेस्क्यू कर पशु चिकित्सक से उपचार करने बाद स्वस्थ्य स्थिति में होने पर स्वतंत्र विचरण हेतु जंगल में छोड़ा। मंगलवार की सुबह अनूपपुर नगर के शंकर मंदिर के समीप स्थित समसू खान के इंडियन इलेक्ट्रॉनिक दुकान के समीप विचरण करते हुए घायल स्थिति में आए एक जलीय पक्षी जिसे कीच मुर्गी एवं दलदली मुर्गी के रूप में जाना जाता है जो नदी, तालाब के किनारे विचरण कर जीव जंतुओं का आहार करता है अचानक विचरण करते हुए घायल स्थिति में होने की सूचना पर वन पर क्षेत्राधिकारी अनूपपुर स्वर्ण गौरव सिंह के निर्देशन पर वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल एवं अनूपपुर की वनरक्षक दिनेश रौतेल मौका स्थल पर पहुंचकर घायल जलीय पक्षी को अपनी अभिरक्षा में रखकर पशु चिकित्सालय में उपचार कराने बाद स्वस्थ स्थिति में होने पर वन क्षेत्र में स्वतंत्र विचरण हेतु छोड़ा गया यह पक्षी कीच मुर्गी दलदली मुर्गी है जो दलदली क्षेत्र एवं गीले क्षेत्र में रहता है

# बी.एल.ओ. एवं चुनावी प्रबंधन टीम का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

### कलेक्टर के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की सराहनीय पहल

डिंडौरी।



कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय राज के मार्गदर्शन में विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) कार्य में लगे बी.एल.ओ. और चुनावी प्रबंधन टीम का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वितीय डॉ. जयश्री मरावी के नेतृत्व में आयोजित परीक्षण शिविर में लगभग 50 से 60 बी.एल.ओ. एवं टीम सदस्यों की स्वास्थ्य जांच की गई। परीक्षण दल में शल्य चिकित्सक अधिकारी डॉ. जयश्री मरावी, डॉ. हर्षवर्धन सिंह, डॉ. ऋषिकेश सिंह, डॉ. त्रिवेणी धुर्वे आयुष चिकित्सा अधिकारी तथा संजय विक्की शामिल रहे।

परीक्षण के दौरान बी.पी., शुगर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य स्वास्थ्य पैरामीटर की जांच की गई। सभी बी.एल.ओ. एवं टीम सदस्य स्वस्थ पाए गए। सर्दियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक औषधियाँ भी प्रदान की गईं।स्वास्थ्य विभाग द्वारा कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन पर विकासखंड स्तर पर भी चुनावी प्रबंधन टीम को नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। विभाग द्वारा प्रतिदिन स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श की सुविधा प्रदान की जा रही है।

## संविधान दिवस पर एसडीएम ने कर्मचारियों को दिलाई शपथ



**डिंडौरी।** *संविधान दिवस के अवसर पर एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा द्वारा तहसील कार्यालय में उपस्थित सभी कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उन्होंने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संविधान दिवस, जिसे राष्ट्रीय कानून दिवस भी कहा जाता है, प्रतिवर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अपनाया था, जो 26 जनवरी 1950 को प्रभावी हुआ। भारतीय लोकतंत्र कीआधारशिला के रूप में संविधान नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं अधिकारों की गारंटी प्रदान करता है।कार्यक्रम के दौरान तहसील के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।*

# सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अधिकारी-कर्मचारियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित



**डिंडौरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने सीएम हेल्पलाइन (181) में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें माह अक्टूबर में प्रदेश स्तर पर बेहतर रैंकिंग हासिल करने के उपलक्ष्य में दिया गया।

कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग से सविकांत शिंडे, विशाल कुमार यशवंत, राजन गोयल, कमल किशोर उइके,खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से नितिनजयसवाल, शमीम खान,नगरीय विकास एवं आवास विभाग से रीना राठौर, अमित तिवारी, प्रमोद ओझा,राजस्व विभाग से सुंदरलाल यादव,लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग से प्रमोद उपाध्याय, सविकांत गुप्ता और गगनदीप कुमरे को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इसके साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष की खुशबू बरमैया और कलावती नेताम को विभागों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर कॉलिंग के माध्यम से शिकायतों के सफल निराकरण के लिए सम्मानित किया गया।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने सभी पुरस्कृत कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी इसी निष्ठा, उत्तरदायित्व और समर्पण भाव के साथ आमजन की सेवा में कार्य करते रहें तथा सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का किया निरीक्षण

**आंगनवाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों की व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा**

**डिंडौरी।** एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (SIR) के तहत ग्राम टिकरा सरई उर्फ़ बांसा, गुतली रैयत एवं कारीगढ़हरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित बी.एल.ओ. एवं टीम को निर्देशित किया कि सभी निर्धारित प्रारूपों में ई-एफ फॉर्म भरना सुनिश्चित करें, मतदाताओं को द्वितीय प्रति का वितरण समय पर हो तथा ई-एफ डिजिटाइजेशन निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया जाए।इस दौरान एसडीएम वर्मा ने एकीकृत माध्यमिक विद्यालय चाटी एवं कारीगढ़हरी का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से शैक्षणिक



*गतिविधियों संबंधी चर्चा की। उन्होंने शिक्षण गुणवत्ता में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया।ग्राम कारीगढ़हरी में आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पोषण आहार वितरण एवं केंद्र में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। पोषण वाटिका सुव्यवस्थित पाए जाने पर एसडीएम ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सराहना भी की।*

**नशा मुक्ति केंद्र के परामर्शदाताओं की अपील**


# बम्हनी में क्रिकेट का रोमांच और नशा मुक्ति का संदेश

**डिंडोरी।** नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आज बम्हनी में एक भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र, डिंडोरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस युवा क्रिकेट महोत्सव में डिंडोरी व मंडला जिले की 24 पंचायतों की टीमों ने हिस्सा लेकर युवाओं के उत्साह और खेल भावना का अनूठा प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ग्राम पंचायत बम्हनी और लपटी की टीमों के बीच खेला गया। रोमांच से भरपूर इस मुकाबले में टीम लपटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच जीतकर प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता टीम को शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र द्वारा शील्ड और नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।खेल के प्रति खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता और गांव के लोगों का समर्थन यह दर्शाता है कि सकारात्मक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखने का संदेश किस तरह प्रभावी हो सकता है।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र के परामर्शदाताओं ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि"खेल वह रास्ता है जो युवाओं को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रखकर एक स्वस्थ और उज्ज्वल जीवन की ओर ले जाता है।"उन्होंने जरूरत पड़ने पर केंद्र में आकर उपचार लेने तथा समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने की अपील भी की।इस आयोजन में ग्राम पंचायत बम्हनी के पंचायत पदाधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक न्याय विभाग और शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र के समस्त स्टाफ अनिल शर्मा, शिवा नीतिका पाल, देवराज कछवाहा, रितु सेन, अजीत धनंजय, संदीप बिंझिया, बच्चू नाथ चौहान सुधा तिवारी, राकेश पटेल तथा अजय ठाकुर की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।साथ ही नशा मुक्ति महिला मंडल बम्हनी की सदस्याएँ, खिलाड़ी गण एवं बड़ी संख्या में गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इस सफल आयोजन में मोहम्मद सफ़ीक कुरैशी ने मंच संचालन से यह संदेश स्पष्ट कर दिया कि खेलकूद जैसी सकारात्मक गतिविधियाँ युवाओं को न केवल नशे से दूर रखती हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन, टीमवर्क और स्वास्थ्य के महत्व को समझने में भी मदद करती हैं।

# RTO कार्यालय में संपन्न हुई बस ऑपरेटरों की बैठक



### कागजात की वैधता, किराया सूची और सुरक्षित संचालन पर दिए गए कड़े निर्देश

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी की अध्यक्षता में आज RTO कार्यालय में सभी बस ऑपरेटरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बस संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी बस ऑपरेटर अपनी बसों में फिटनेस, परमिट, बीमा सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों को वैध एवं अद्यतित रखें। इसके साथ ही किराया सूची एवं दस्तावेजों की वैधता की जानकारी बसों में चस्पा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए किराया 10 रुपए निर्धारित करने को कहा गया। इसके अलावा सभी बस ऑपरेटरों को ओवर स्पीड तथा ओवरलोडिंग से सख्ती से परहेज़ करने और यातायात नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला परिवहन अधिकारी ने चेतावनी दी कि निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मूर्ति लगाने की मांग, अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस अधिवक्ताओं द्वारा जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर के पार्क में महामानव, भारत रत्न, संविधान निर्माता, पूर्व कानून मंत्री डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने की मांग की गई है तथा संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति संवैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर मूर्ति लगाई जाए। उक्त अवसर पर एड श्रीमती लक्ष्मी नायक, एड. विवेक पंडा, विनय चौधरी, अजय शंकर पाल एवं एस.सी./एस.टी/ओ.बी.सी. अधिवक्तागण सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### 11 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस तेंदूखेड़ा पुलिस ने नरसिंहपुर और सागर जिले की सीमा पर जामुनपानी के आगे हनुमान मंदिर के समीप देवरी जिला सागर निवासी देव पिता रविशंकर उपाध्याय 23 वर्ष को 11 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपी काफी लंबे समय से इस अवैध व्यापार और तस्करी में लिप्त बना हुआ है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

### हीरावती महरा बनीं राष्ट्रीय महासचिव

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी युवा महिला मोर्चा का राष्ट्रीय महासचिव सुश्री हीरावती महरा को नियुक्त किया गया है। पार्टी की स्पेशल कोर कमेटी ने उन पर भरोसा जताते हुए यह महत्वपूर्ण पद सौंपा है। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा दिल्ली से अनूपपुर पहुँचे थे, जहाँ उन्होंने सदस्यता अभियान चलाया। इसी दौरान सुश्री हीरावती महरा को भी पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। पत्रकारों से चर्चा में सुश्री महरा ने कहा कि पार्टी ने उन पर विश्वास जताया है और वे अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा द्वारा दिए गए भरोसे पर खरा उतरने के लिए पूरे मन से कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि वे पूरे भारत में संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगी।

### विधिक जागरूगकता शिविर का आयोजन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल की अध्यक्षता में प्रातः 11:00 बजे न्यायालय परिसर अनूपपुर में संविधान की उद्देषिका का वाचन किया गया। उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। तत्पश्चात संस्कार विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय अनूपपुर में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विधिक जागरूगकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विनोद कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा उपस्थित विद्यार्थीगणों को संविधान प्रदत्य मौलिक अधिकारों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। तदोपरांत बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा संविधान में प्रदत्य मौलिक कर्तव्यों के साथ-साथ विधिक सहायता, विधिक सलाह, मध्यथता आदि योजनाओं की जानकारी दी तथा 13 दिसम्बर को होने वाले नेषनल लोक अदालत में अधिक से अधिक आमजन को लाभ लेने की जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक अभय शर्मा, विद्यासागर मांझी, सुश्री सरिता चौरसिया, पल्लव मिश्र, रविन्द्र यादव सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### पार्षद के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**अनूपपुर।** नगर पालिका परिशद अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 02 के पूर्व पार्शद पुरुशोत्तम चौधरी ने अपने खिलाफ लगातार फैलाए जा रहे भ्रामक आरोपों और झूठी शिकायतों के विरुद्ध कोतवाली अनूपपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने उल्लेख किया कवे पिछले 15 वर्शों से लगातार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर तीन बार पार्शद निर्वाचित होकर वार्ड क्रमांक 02 के जनप्रतिनिधि के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

## कलेक्टर ने ली मिल प्रबंधन व किसान संघों की बैठक

# गन्ना अधिनियम के अनुसार हो किसानों का भुगतानः कलेक्टर





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

जिले मे गन्ना किसान बीते कई वर्षो से परेशान है किसानों को गन्ना अधिनियम के अनुसार भुगतान नही प्राप्त होता है जिसे लेकर किसानों द्वारा ज्ञापन व आंदोलन भी किया गया लेकिन प्रशासन के आश्वासन के अतिरिक्त कुछ प्राप्त नही हो पाया है। लेकिन बुधवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में गन्ना पेराई सत्र 2025- 26 की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को अधिकारियों, गन्ना मिल प्रबंधकों एवं कृषक संघों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देशित किया कि गन्ना उत्पादक किसानों को शुगर मिल में गन्ना प्रदाय करने के लिए पर्ची सिस्टम का कड़ाई से पालन किया जावे, कृषक पर्ची के माध्यम से ही गन्ना प्रदाय करेंगे तथा डिस्प्ले सिस्टम के माध्यम से प्रचलित टोकन का प्रदर्शन किया जाए। किसानों को एसएमएस द्वारा पर्ची की जानकारी दी जाए।

### मिल में सुचारू रहे मूलभूत सुविधाएं

बैठक के दौरान बताया गया कि शक्ति शुगर मिल कौंड़िया द्वारा उपयोग किए जा रहे एप से कृषक काफी लाभांवित हुए हैं, जिसमें किसानों को भुगतान की जानकारी एप के माध्यम से प्रदर्शित हो रही है और सम्पूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी है। शुगर मिल गेट पर डिस्प्ले के माध्यम से ट्राली की तुलाई की जानकारी दी जाए। शुगर मिल परिसर में यार्ड की क्षमता वृद्धि हो, ताकि रोड पर ट्रालियां न लगे एवं यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। शुगर मिलों में किसानों के लिए पेयजल और शौचालय आदि की व्यवस्था की जाए और मिल परिसर में स्वच्छता के मानकों का पालन किया जाए। समस्त गन्ना ट्रालियों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें, ताकि रात्रि समय में दुर्घटनाओं को रोका जा सके। अब देखना होगा कि कलेक्टर के निर्देशों के बाद व्यवस्थाओं में क्या सुधार आता है।

### रोड पर ना हो जाम की स्थिति

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक के दौरान निर्देश दिए की शुगर मिलों में जेसीबी मशीन हमेशा तैयार रहे, ताकि रोड पर किसी भी प्रकार से जाम न लग सके। मिल गेट और बाहर गार्ड द्वारा व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहे। तौल- कांटा की टेस्टिंग किसानों की उपस्थिति में की जाए और पंचनामा तैयार किया जाए। नाप-तौल अधिकारी द्वारा समय- समय पर औचक निरीक्षण कर तौल-कांटे की जांच की जाए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि शुगर मिलों द्वारा गन्ना किसानों को उनके गन्ने का भुगतान गन्ना अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार समय सीमा में बैंक खातों में किया जाए। शुगर मिलों द्वारा क्रय किए गए गन्ना की मात्रा, राशि, गन्ना मूल्य भुगतान एवं कृषक संख्या संबंधी जानकारी निर्धारित प्रपत्र में प्रत्येक शुक्रवार को प्रस्तुत करें और किसानों की समस्याओं का समाधान तुरंत किया जाए।

### किसानों की उपस्थिति में हो गन्ना रिकव्हरी की जांच

रिकव्हरी की टेस्टिंग पूर्णतः पारदर्शी रूप से किसानों की उपस्थिति में की जावे। समस्त शुगर मिल गन्ना मूल्यों में एकरूपता रखने के निर्देश शुगर मिलों को दिए। दिसम्बर माह के प्रारंभ सप्ताह में शुगर रिकव्हरी जांच के निर्देश दिए। गन्ना ट्रालियां ओव्हरलोड होकर नहीं चलाई जाए और सुरक्षा के मानकों का ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने सहायक संचालक गन्ना को निर्देशित किया कि वे उक्त सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करवाना सुनिश्चित करें और समय- समय पर शुगर मिलों में आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाए। बैठक में सहायक संचालक गन्ना डॉ. अभिषेक दुबे ने पेराई सत्र 2025- 26 की कार्ययोजना प्रस्तुत की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, उप संचालक कृषि मोरिस नाथ, सहायक संचालक गन्ना डॉ. अभिषेक दुबे, जीएमडीआईसी पंकज सिंह पटेल, जिला परिवहन अधिकारी, गन्ना अनुसंधान केन्द्र बोहानी के वैज्ञानिक, शुगर मिल प्रबंधक और कृषक संघों के प्रतिनिधि मौजूद थे। अब देखना होगा कि कलेक्टर के निर्देश के बाद गन्ना किसानों की समस्याओं में सुधार कितना होगा।



# अंधविश्वास पर विज्ञान का प्रहार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

जादू नहीं विज्ञान है समझना समझाना आसान है कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनि शास. उत्कृष्ट विद्यालय करेली में अंधविश्वास और भ्रांतियों से पर्दा उठने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता नेमा, वार्ड पार्षद ज्योति सोनी व विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद वर्मा मौजूद रहे। मंच संचालन विद्यालय के छात्र खेमचंद कुशवाहा व रागिनी जाटव ने किया। घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम पांच स्थानों में हाई स्कूल रमखिरिया शास. सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय करेली शास. कन्या विद्यालय करेली, शास. उच्च. मा. विद्यालय कठौतिया व शास. उच्च. मा. विद्यालय नयाखेड़ा रहे, विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य मोहन विश्वकर्मा ने आभार प्रदर्शन घ्किया। मार्गदर्शक शिक्षिका का सुषमा नेमा प्रीति दीक्षित व माधुरी चौबे रही।

# रामायण केंद्र द्वारा व्याख्यान एवं कवि सम्मेलन आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत रामायण केन्द्र भोपाल मध्य प्रदेश जिला इकाई के तत्वावधान में प्रभु श्रीराम पर केंद्रित रामचरित मानस और राम के जीवन आदर्श विषय पर व्याख्यान माला एवं आध्यात्मिक काव्य समारोह का आयोजन पी. जी. कालेज वर्चुअल कक्ष में सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र में उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रभु श्रीराम और माता सरस्वती का पूजन किया गया कवि कुंज बिहारी यादव द्वारा मां सरस्वती की मधुर वंदना के साथ कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती भागवती देवी राय रामायणी ने प्रभु श्री सीताराम जी के विवाह पर भाव मय रसपूर्ण कथा के साथ जीवन के आदर्श पर अपना व्याख्यान दिया एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रि.सब इंजी.श्री एस एस पटेल द्वारा कार्यक्रम के विषय पर आधारित सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में आमंत्रित कवियों द्वारा प्रभु श्रीराम को समर्पित काव्य पाठ हुआ। जिसमें कवियित्री अनामिका चौकसे, कवि अमित जैन संजय , विनीत नामदेव, ध्यान सिंह कौरव, आशीष सोनी कवि कुंज बिहारी यादव, कार्यक्रम संयोजक और संचालन कवि प्रोफेसर डा. गनेश कुमार सोनी, डॉ शंकर सहर्ष ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में श्रीमती ज्योति तिवारी, श्रीमती शकुन नामदेव, श्रीमति भारती दीक्षित, नीलम मेहरा ओम मालवीय, एस के चतुर्वेदी, एड.संदीप नेमा, राजेन्द्र राय, गणेश चतुर्वेदी, सी वी शर्मा, धन्नू लाल मेहरा की पावन उपस्थिति रही। आभार प्रर्दशन रामायण केन्द्र ईकाई नरसिंहपुर के अध्यक्ष प्रदीप नेमा ने किया।

# संविधान दिवस व्याख्यानमाला आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय को आत्मसात करते हुए एम.आई.एम.टी. लॉ कॉलेज द्वारा संविधान दिवस पर गरिमामय आयोजन चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग की अध्यक्षता एवं विभागाध्यक्ष सुश्री विजेता सिधना की उपस्थिति में किया गया। इंजी रूद्रेश तिवारी ने संविधान एवं वर्तमान परिस्थितियों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समकालीन लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों और जिम्मेदारियों पर केंद्रित संविधान दिवस की उपादेयता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने संविधान को देश की आत्मा निरूपित करते हुए विस्तार से संविधान एवं संवैधानिक इतिहास को उल्लेख किया। विभागाध्यक्ष सुश्री विजेता सिधना ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए संविधान के मूल्य अधिकार एवं कर्तव्यों को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। उद्बोधन के क्रम में एड. राजेन्द्र शर्मा एवं एड. गोविन्द साहू ने भारतीय संविधान की अवधारणा पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्रा सोनल वाधवानी एवं लक्ष्मी धानक ने भारतीय संविधान विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप-प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन से किया गया। छात्रा शिवानी विश्वकर्मा एवं दीपिका प्रजापति ने सुमधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर एड. प्रदीप पुरोहित, एड. दिनेश कोष्टी, एड. जितेन्द्र कौरव, सांस्कृतिक प्रभारी मेजर डॉ. पराग नेमा, विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय जी.डी. उमरे, सहा. प्राध्यापक सुश्री दीक्षा तोमर , श्रीमती विजेता शर्मा एवं सी. पी. गुप्ता सहित छात्र-छात्राओं की विशेष उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का संचालन छात्रा शिल्पी पाराशर तथा आभार सहा. प्राध्यापक सुश्री शिवानी सिंह द्वारा किया गया। संविधान दिवस 2025 के अवसर पर छात्र-छात्राओं के मध्य रील मेकिंग तथा मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गये। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर सृष्टि जटेरे, सोनिया खान, संजू चैधरी, सोनल वाधवानी, आलोक बिरतिया, संजय चढार, राज रामटेके, भूमिका अग्रवाल, प्रणव कहार, तरूण पटेल, उमेश कुर्मी, वासुदेव दुबे एवं सावित्री गोड़ को मूट कोर्ट हेतु तथा अंकिता साहू, दुर्गा कुमारी, अंकित जाट एवं विवेक साहू को रील मेकिंग के लिए प्रशास्ति पत्र प्रदान किए गये।

# गोद भराई कार्यक्रम संपन्न



**तेंदूखेड़ा**

आगामी 9 दिसंबर से 15 तक होने वाले श्री 1008मुनि सुब्रतनाथ जिनालय का पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान भगवान के माता-पिता का सम्मान प्रमोद कुमार पाटन वाले एवं श्रीमती गुड्डी जैन की गोद भराई का कार्यक्रम पारसनाथ जैन मिलन शाखा के द्वारा मंगलवार को तेदूखेड़ा में आयोजित किया गया इसमें महिला मंडल के सभी सदस्य और समाज की सभी महिलाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित रेलवे स्टेशन धुरवासिन
## रात में नहीं मिलती टिकट, हर तरफ गंदगी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

मौहरी और हरद के बीच धुरवासिन रेल्वे स्टेशन में गंदगी से यात्री परेशान हैं। एक तरफ देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी कह रहे है की स्वच्छ भारत स्वच्छ प्रदेश मगर रेल्वे स्टेशन के चारो तरफ़ गंदगी पसरी है। स्टेशन प्रबंधन स्वच्छता अभियान को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। धुरवासिन स्टेशन का हाल यह है की चारों तरफ बड़ी बड़ी गाजर घास उगे हैं। कचरे का ढेर लगा हुआ है, जिससे यात्रियों को सांप बिच्छू काटने का भय बना रहता है। ज्ञात हो कि कोतमा बिजुरी चिरमिरी क्षेत्र से कोयला से शासन को करोड़ों का राजस्व मिल रहा है, लेकिन रेलवे प्रबंधन के द्वारा इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र का रेलवे स्टेशन होने के कारण यहां दर्जनों गांवों जिनमें ग्राम कोटमी, तितरीपोड़ी, रक्सा, कोलमी, पडौर, दैखल, खर्राटोला, क्यांटार, धुरवासिन, फुनगा, बिजौरी, छोहरी के नजदीक रेलवे स्टेशन धुरवासिन से यात्री कोतमा, अनूपपुर, शहडोल सहित अन्य जगहों के लिए यात्रा करते हैं लेकिन स्टेशन में सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार स्टेशन प्रबंधन से बात भी की लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों की बातों को अनदेखा कर रहे हैं। गंदगी के कारण उठने वाले दुर्गंध से यात्रियों को परेशानी हो रही है।

## महाकौशल शुगर मिल में बजरंग दल कार्यकर्ता की पिटाई, बजरंग दल ने सौंपा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



विगत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी के ग्राम बचई मे स्थिति संचालित महाकौशल शुगर मिल मे हुए विवाद का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इस वायरल वीडियो में मिल के कर्मचारियों द्वारा बजरंग दल के एक कार्यकर्ता जयदीप दुबे की जमकर पिटाई करते हुए साफ देखा जा सकता है, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह विवाद गन्ने की तुलाई में कथित अनियमितताओं को लेकर शुरू हुआ। बजरंग दल के कार्यकर्ता जयदीप दुबे को सूचना मिली थी कि मिल के तौल कांटे पर गन्ने की कम तुलाई की जा रही है। इस पर वे मौके पर पहुंचे और विरोध करते हुए तुलाई रुकवा दी। इसी दौरान मिल के कर्मचारियों और जयदीप दुबे के बीच तीखी बहस शुरू हो गई, जिसने जल्द ही हिंसक रूप ले लिया। वायरल वीडियो के दृश्यों में स्पष्ट दिख रहा है कि कर्मचारियों ने शुगर मिल संचालक की मौजूदगी में ही जयदीप दुबे पर हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट व खींचतान की गई। पीड़ति कार्यकर्ता जयदीप दुबे ने आरोप लगाया है कि उन पर यह हमला शुगर मिल संचालक नवाब राजा के इशारे पर किया गया था उन्होंने बताया कि जब उन्होंने तुलाई की अनियमितताओं और धांधली का विरोध किया, तो कर्मचारियों ने उन्हें घेर लिया और बेरहमी से पीटा। इस मामले में मुंगवानी थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने पुष्टि करते हुए बताया कि विवाद को लेकर दोनों पक्षों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। मिल प्रबंधन ने आरोप लगाया है कि बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने फैक्ट्री में जबरन घुसकर उपद्रव किया, जबकि बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मिल संचालन से संबंधित प्रदूषण और गलत तुलाई की गंभीर शिकायतें दर्ज कराई हैं। थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने स्पष्ट किया है कि पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की शिकायतों पर गंभीरता से विवेचना की जा रही है, और साथ ही वायरल वीडियो की सत्यता की भी विस्तृत जांच की जाएगी।